Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 13-03-2006

Participants : Tripathi Shri Chandramani

an>

Title : Need to ensure holding of regular meetings of District Vigilance and Monitoring Committees constituted to review the implementation of Centrally Sponsored Projects.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा) : महोदय, देश के सर्वांगीण विकास की दृटि से विभिन्न राज्यों को कतिपय केंद्रीय योजनाओं की क्रियान्वित करने के लिए बड़ी मात्रा में धनराशि आवंटित की जाती है। इस राशि का योजनाओं के गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्णता, धनराशि के सही व ठीक उपयोग की दृटि से राज्यों के जिलों में एक सतर्कता एवं निगरानी समिति का गठन किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ, राज्य के संबंधित जिले के अधिकारी भी सदस्य होते हैं। इन जिला स्तरीय समितियों के कार्यकरण की समीक्षा को लेकर राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समितियां भी बनायी जाती हैं। किंतु मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराट्र, उत्त प्रदेश और हरियाणा आदि कतिपय राज्य हैं, जहां जिला स्तरीय समितियां निर्धारित समयावधि में बैठकें ही नहीं कर पाती हैं तथ अधिकारियों की भगीदारी भी अपेक्षित व वांछित रूप से नहीं हो पाती है। परिणामतः उक्त समितियों के कार्यों के निपादन में कठिनाई हो रही है।

अतः ग्रामीण विकास मंत्री महोदय से मेरा निवेदन है कि राज्यों को पुनः आग्रह करें के वे जिला स्तरीय निगरानी तथा सतर्कता समिति को प्राथमिकता देते हुए उसके कार्य में वांछित सहयोग करें।